मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 90 | मंगलवार, 18 जून 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play | /ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

ट्रोलर्स मुझे गेंडी और पांडा बोलते हैं : भारती

## क्राइम डायरी...

### महिला से 3 अज्ञात लोगों ने 40 हजार का गहना व मोबाइल ठगा




**उल्हासनगर.** ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3 में ब्लड प्रेशर की दवा लेने मेडिकल में गई महिला को झांसा देकर 3 अज्ञात लोगों ने उसके पास से 40 हजार रुपए का सोने का गहना और पुराना मोबाइल ठग लिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी महिला शालिनी सर्जेराव कांबले (55) 16 जून की दोपहर में 2.30 बजे के करीब कैम्प-3, ओटी सेक्शन स्थित रौनक मेडिकल में ब्लड प्रेशर की दवाई लेने के लिए गई थी. जहां 3 अज्ञात ठगों ने उन्हें बताया कि एक सेठ गरीब लोगों को साड़ियां बांट रहा है. तीनों ठगों ने महिला को झांसे में लेकर उनके पास से सोने का गहना व एक मोबाइल ठग लिया. जिसकी कीमत 40 हजार रुपए है. महिला की शिकायत पर तीनों अज्ञात ठगों के खिलाफ सेंट्रल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. सहायक पुलिस निरीक्षक महेश बंडकर जांच कर रहे हैं.

## पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में अवैध धंधों की भरमार

# उल्हासनगर-अंबरनाथ में ऑनलाइन मटका धड़ल्ले से

### डांस बार, नशे का कारोबार, जुआ-मटका, अवैध शराब, सट्टेबाजी जैसे बेरोक-टोक धंधे जारी

- अपराधों को शह देते अवैध कारोबार
- घरों में भी चलती है बड़ी जुआ
- अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म



**उल्हासनगर.** चुनाव के दौरान भले ही मटका जुआ बंद हो गया हो, लेकिन उल्हासनगर व अंबरनाथ में कुछ बंद नहीं होता क्योंकि अवैध धंधे वालों को पुलिस को आशीर्वाद प्राप्त है। पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में अवैध धंधों के भरमार से यहां अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। उल्हासनगर शहर में आनलाईन मटका, आनलाईन कसीनो, डांस बार, जुआ-मटका, अवैध शराब, गुटखे का कारोबार, हुक्का, ई-सिगरेट, अवैध शराब, सट्टेबाजी के साथ नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इनकी रोकथाम न होने से शहर में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। उल्हासनगर और अंबरनाथ दोनों शहर मटका और जुए के कारोबार में अग्रणी हैं. इससे पहले यहां बड़ी संख्या में जुआ मटका होता था. मटका संचालकों की संख्या बढ़ने से इस व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई. इस बीच खुद को सामाजिक कार्यकर्ता कहने वालों के भी इस धंधे में उतर आने से इस धंधे में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और इन मटका वालियों ने एक-दूसरे पर हमला करने का भी काम किया है. इन दोनों शहरों में नामचिन मटका किंग हैं. लेकिन वे अब शांत होकर वर्तमान स्थिति पर आ गए हैं. लेकिन चिंदी चोर मटका किंग अब तैयार हो चुका था और उसने सड़क पर ये बिजनेस शुरू कर दिया था. लेकिन चुनाव के दौरान इस कारोबार में विचलन आ गया. इसी बीच उन्होंने एक नई चुनौती से लड़ते हुए ऑनलाइन मटका लेना शुरू कर दिया है. इन मटकेवालों के चेले चपाटे ने घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन पर मटका लेनदेन लेना शुरू कर दिया है. इस मटका किंग ने मोबाइल पर नंबर लेकर ऑनलाइन पैसे लेने का काम शुरू कर दिया है. इस बीच मटका ऑनलाइन शुरू हो जाने से मटका अड्डे पर पुलिस भी नजर नहीं आ रही है. ऑनलाइन लॉटरी के साथ-साथ अब मटका भी ऑनलाइन हो गया है.

#### अपराधियों में बना रहे पुलिस का खौफ



उल्हासनगर में भी बड़ी संख्या में क्रिकेट सट्टेबाज भी मौजूद हैं. यहां तक कि कुछ सट्टेबाज पुलिस के हत्थे भी चढ़ गए. उल्हासनगर शहर को सट्टेबाजों का शहर कहा जाता है. वहीं डांस बार की बात करें तो कैम्प 3 व 4 में तो इसमें बदनाम है। श्रीराम चौक का तो नाम डांस बार बाजार पड़ गया है फिर भी दिखावे की कार्रवाई होती है। इनपर हमेशा के लिए सीलबंदी की कार्रवाई की आवश्यकता है। बढ़ते नशे के कारोबारी पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता है वहां यह दोनों शहर में हर युवा नशे की चपेट आ जाएगा। उल्हासनगर शहर में भी अपराधों के विरुद्ध ठाणे पुलिस आयुक्तालय की आल आऊट होनी चाहिए ताकि अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहे।

## अंबरनाथ में ईद-उल-अजहा अकीदत के साथ मनाई गई



- पुलिस का रहा कड़ा बंदोबस्त

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद-उल-अजहा अकीदत के साथ मनाई गई. मुस्लिमों द्वारा बकरे की कुर्बानी देकर ये पर्व मनाया गया. सुबह में जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, मक्का मस्जिद, दर्गा मस्जिद में सुबह 6.30. 7.30 और 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की गई. शहर में पुलिस का अच्छा बंदोबस्त रहा. अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा शहर के मुस्लिम बहुल इलाके में कचरे की वाहनों को खड़ा रखा गया था. ताकि कोई कचरा यहां वहां ना फेंके. मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी एवं जमात के ट्रस्टियों द्वारा मस्जिदों में नमाज के लिए अच्छा प्रबंध किया गया था. उन्होंने बताया कि मदीना मस्जिद के बाहर एक शामियाना लगाया गया था. जहां पर उल्हासनगर जोन-4 के पुलिस उपायुक्त सुधाकर पाठारे, सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश व-हाडे, वपोनि. कलस्कर ने मुसलमानों को गुलाब के फूल देकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी. शहर के सभी नेताओं, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने भी शहर के मुसलमानों को ईद की शुभेच्छा दी. सभी मस्जिदों में नमाज पढ़नेवालों की संख्या बहुत ज्यादा देखी गई. शहर में ईद उल अजहा, अकीदत अमन-शांति के साथ नाई गई.

## बदलापुर में बंद फ्लैट से 85 हजार के गहने चोरी

- पड़ोसी पर चोरी का संदेह

**बदलापुर.** सप्ताहभर के लिए अपने ससुर के घर नाला सोपारा गए एक शख्स के बंद फ्लैट से 85 हजार के सोने के गहने चोरी किए जाने की घटना बदलापुर पूर्व जुवेली गांव में घटी है. फिर्यादी ने अपने पड़ोसी पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी प्रवीण हरवंश साहनी (33) प्लैटिनम सागर, जुवेली गांव, बदलापुर पूर्व में रहते हैं. 31 मई को वे नालासोपारा स्थित अपने ससुर के घर फ्लैट बंद करके सपरिवार गए थे. इस दरम्यान किसी ने उनके दरवाजे की कुंडी का स्क्रू खोलकर घर में प्रवेश किया और 85 हजार के गहने चोरी कर लिए. जिनमें 37 हजार की डेढ़ तोले की सोने की चेन, 13 हजार का सोने का मंगलसूत्र, 15 हजार की सोने की 2 अंगूठियां, 20 हजार के सोने के कान के झुमके शामिल है. प्रवीण साहनी ने पुलिस का बताया है कि उनके घर के सामने रोहित व रवीना नामक दम्पति रहते हैं, जिन पर उन्होंने चोरी करने का संदेह व्यक्त किया है. बदलापुर पुलिस ने भादंसं की धारा 380, 454, 457 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक विक्रांत सोनावणे जांच कर रहे हैं.

## दुर्गाड़ी पर शिवसेना का घंटानाद आंदोलन




**कल्याण.** कल्याण के दुर्गाडी किले में बकरीद के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने यहां मस्जिद में नमाज अदा की. हालांकि, बकरीद के दिन यहां के दुर्गाड़ी मंदिर में देवी के दर्शन पर रोक है. इसलिए इस प्रतिबंध के खिलाफ एकनाथ शिंदे की शिव सेना और उद्धव ठाकरे की शिव सेना दोनों के कार्यकर्ताओं ने दुर्गाडी किले के बाहर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया. साथ ही जब तक मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं मिलेगी, तब तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया गया.

दुर्गाडी किले पर बड़ी संख्या में शिवसैनिक एकत्र हुए थे. इस वक्त भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था. साथ ही पुलिस ने इन दोनों समूहों को अलग-अलग रखने की कोशिश की ताकि एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ता आपस में न मिलें और कोई अप्रिय घटना न हो.

इसके अलावा पुलिस ने शिवसैनिकों को दुर्गाडी किले पर जाने से रोक दिया. इस मौके पर एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की. बाला साहेब ठाकरे ने कर्फ्यू तोड़कर देवी के दर्शन किए थे. जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, हम ये आंदोलन जारी रखेंगे. किसी भी दिन देवी के मंदिर में प्रवेश पर रोक नहीं होनी चाहिए. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देवी के दर्शन करना हिंदुओं का अधिकार है.


दुर्गाड़ी किले पर देवी का मंदिर है। इसी इलाके में एक छोटी मस्जिद भी है. उस स्थान पर बकरीद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने आते हैं. इसलिए, बकरीद के अवसर पर, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, पुलिस द्वारा हिंदू भाइयों को सुबह के समय दुर्गाड़ी किले में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है, जब मुस्लिम भाई नमाज पढ़ रहे होते हैं। इसी बीच 90 के दशक में आनंद दिघे ने इस जगह पर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया. अब इस जगह पर एकनाथ शिंदे की पार्टी शिव सेना के कार्यकर्ता भी घंटानाद करते हैं.

## देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में पुलिस ने देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेंट्रल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने शनिवार को उल्हासनगर स्थित लॉज पर छापा मारा और वहां से एक महिला को बचाया। अधिकारी ने बताया कि लॉज के प्रबंधक और वेटर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि लॉज के मालिक की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि तीनों व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। लॉज से बचाई गयी महिला को नारी निकेतन भेज दिया गया।

### एमआईडीसी क्षेत्र में कल्याण शील रोड पर अनधिकृत निर्माण

## 58 अतिक्रमणों पर कार्रवाई



**कल्याण.** एमआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र में कल्याण शील रोड के किनारे मानपाड़ा जंक्शन से विको नाका तक के क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण, झोपड़ियां और गैरेज का अतिक्रमण देखा गया। ये अनधिकृत निर्माण कल्याण शील रोड की सीमाओं के भीतर और टाटा पावर लाइन के नीचे खुली जगह और सुविधा भूखंडों पर किए गए थे। मानसून के दौरान टाटा पावर लाइन के नीचे बनी झोपड़ियों में कोई अप्रिय घटना न हो, इसलिए इन अतिक्रमणों और अनधिकृत निर्माणों को हटाने के लिए एमआईडीसी और महानगर पालिका द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। कल्याण डोंबिवली मनपा के ई वार्ड के सहायक आयुक्त भरत पवार और एमआईडीसी के उप अभियंता राजेश मुले, निवास पाटिल और अन्य उप अभियंताओं की मदद से, मनपा के अनधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के पुलिस कर्मियों, मानपाडा पुलिस और 4 जेसीबी, हाइड्रा और गैस कटर का उपयोग कर 32 अनधिकृत झोपड़ियों, 18 वाणिज्यिक अनधिकृत निर्माण और 8 गैरेज कुल मिलाकर 58 अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई।

### कोंकण ग्रेजुएट निर्वाचन क्षेत्र चुनाव

## रमेश कीर के समर्थन में महाविकास आघाड़ी की बैठक




**उल्हासनगर.** कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद चंद्र पवार), शिवसेना (उबाठा), आप पार्टी ने कांग्रेस पार्टी और कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के महा विकास अघाड़ी उम्मीदवार रमेश कीर को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रोहित साल्वे ने जानकारी दी है कि लोकसभा चुनाव में शिवसेना उम्मीदवार सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का समर्थन करने वाले कालानी परिवार ने इस बार कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया है.

यह अहम बैठक टाउन हॉल में पूर्व सांसद और उल्हासनगर प्रभारी हुसैन दलवई की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में महाविकास अघाड़ी के सभी घटक दलों के नेता और पदाधिकारी मौजूद थे. इस मौके पर पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया अघाड़ी के उम्मीदवार की हार का बदला लेने का मौका आ गया है. शिवसेना कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर काम किया, वैसे और काम करने की जरूरत है. बैठक में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राधाचरण करोतिया, पूर्व गटनेता अंजलि साल्वे, पूर्व महापौर मालती करोतिया, मनीषा महाकाले, वजरूद्दीन खान, किशोर धाडके, नानिक आहूजा, शंकर आहूजा, दीपक सोनावणे, महादेव शेलार, कुलदीप ऐलसिंघानी, शिवसेना उपस्थित थे नेता राजेश वानखेड़े, राजेंद्र साहू, दिलीप मालवंकर, दिलीप मिश्रा, डॉ. जानू मानकर, एनसीपी के गौरव भालेराव, नरेश गायकवाड, दीपक सोनोने समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे.

#### निरंजन डावखरे पर साधा निशाना...

रमेश कीर ने वर्तमान विधायक निरंजन डावखरे पर निशाना साधा और उन्हें एक बेकार जन प्रतिनिधि बताते हुए आलोचना की, जिन्होंने कोंकण के स्नातकों के लिए कुछ नहीं किया है. उन्होंने शिक्षित मतदाताओं से भी इस बार बदलाव के लिए वोट करने की अपील की.

## पत्थर खदान के पानी में लड़का डूबा

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के तुर्भे एमआईडीसी डिवीजन में पत्थर खदान के पानी में तैरने गए पांच दोस्तों में से एक के डूबने की घटना सामने आई है। पांचों दोस्त नाबालिग थे लेकिन तैरते समय एक दोस्त ने दूसरे दोस्त का पैर पानी में खींच लिया और 17 साल का लड़का डूब गया. जिस युवक की डूबने से मौत हुई है उसे तैरना नहीं आता था तुर्भे पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर चारों दोस्तों को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया. चूंकि दोनों आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए उन्हें भिवंडी के बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इन लड़कों ने इस घटना को काफी दिनों तक छिपाए रखा.

## सेंट्रल अस्पताल में जन्मी तीन बेटियों की मां को 5 हजार रुपए

- ONBV फाउंडेशन अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा मानवता की अनोखी पहल



**उल्हासनगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' संकल्पना से प्रभावित होकर उल्हासनगर के प्रसिद्ध समाजसेवी व ओएनबीवी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय गुप्ता ने शहर की बेटियों के सम्मान में अपने ओर से एक छोटा सा योगदान देने के लिए कुछ महीने पूर्व एक अनोखी पहल की शुरुआत की थी जिसमें वे उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में जन्मीं बच्चियों की माताओं को उनके घर पर जाकर पांच हजार रुपए बतौर भेंट दे रहे है और उनके घर पर बेटी के स्वरूप में माता लक्ष्मी के आगमन की शुभकामनाएं दे रहे है।

डॉ गुप्ता द्वारा यह नेक कार्य निरंतर जारी रखा गया है और इसी क्रम में उन्होंने रविवार 16 जून को सेंट्रल अस्पताल में कुछ दिन पूर्व जन्मी तीन बेटियों के घर पर जाकर उनकी माताओं को 5 हजार रुपए भेंट देकर आर्शिवाद लिया। जिसपर वहां उपस्थित बच्ची के परिवारजनों द्वारा डॉ गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा ज़िला महासचिव भास्कर मिश्रा आदि सहयोगी उपस्थित थे।

इस सन्दर्भ में डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि किसी भी घर में बेटी का जन्म होना उस घर में खुशियां लाता है। ऐसे में उल्हासनगर में ऐसे परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर है उनके घर पर भी बेटियों के आगमन से खुशियां बनी रहे इसलिए वे अपनी संस्था ओएनबीवी फाउंडेशन के माध्यम से सेंट्रल अस्पताल में जन्मी बेटियों के सम्मान में उनकी माताओं को 5 हजार रुपए भेंट में देते है। उन्होंने कहा कि 'जहां चाह है, वहां राह है' ऐसे में उन्होंने इस पहल की शुरुआत भी कर दी है और वे हर संभव प्रयास करेंगे की उनकी यह पहल सालों-साल चलती रहे।

श्री गुप्ता ने कहा कि यह सेवा मात्र नवजात बच्चियों को पांच हजार रुपए देने तक सीमित नहीं है। बल्कि उन बेटियों को स्वास्थ, शिक्षा में भी कोई मदद चाहिए होगी तो वे हर समय उन बेटियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## जिले में न हो कोई दुर्घटना, सिस्टम रहे सतर्क!

### पालक सचिव सुजाता सौनिक ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की




**ठाणे.** मानसून की पृष्ठभूमि में ठाणे जिले की पालक सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने कलेक्टर कार्यालय में जिले के राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस बैठक में उन्होंने मानसून पूर्व कार्यों और वर्षा ऋतु के दौरान किये जाने वाले उपायों की समीक्षा की. सौनिक ने निर्देश दिया कि सभी प्रणालियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानसून के दौरान ठाणे जिले में कोई दुर्घटना न हो.

उन्होंने ठाणे जिला प्रशासन और स्थानीय स्व-सरकारी निकायों द्वारा की गई प्री-मानसून तैयारियों की समीक्षा की। इस समय सौनिक जिले में सड़क के गड्ढों, खतरनाक इमारतों, होर्डिंग्स, नालियों की सफाई, स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सौनिक ने कहा कि जिले में होर्डिंग्स की समीक्षा करें और जो खतरनाक होर्डिंग्स नियमानुसार नहीं हैं, उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई करें. रेलवे लाइनों के किनारे, सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स पर विशेष ध्यान दें।

#### ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग करें

सौनिक ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रशासन के काम में तेजी लाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग शुरू कर दिया है। ठाणे जिला प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय स्व-सरकारी निकायों को कार्यालय पत्राचार, पत्राचार के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग करना चाहिए। सौनिक ने सभी विभागों से अपील की कि वे ठाणे जिले को राज्य में ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोगकर्ता बनाने के लिए प्रयास करें।

इमारतों के बारे में जानकारी एकत्र करने के बाद, ऐसी इमारतों के रहने वालों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया गया और खतरनाक इमारतों को तुरंत खाली करने का निर्देश दिया गया। सड़कों की समुचित सफाई सुनिश्चित करते हुए सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति डिजिटल रूप में की जाए। उन्होंने निचले इलाकों में जहां पानी जमा होता है, उसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए उस स्थान पर सेंसर का उपयोग करने का भी निर्देश दिया.

कलेक्टर अशोक शिनगारे, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़, मीरा भयंदर मनपा आयुक्त संजय काटकर, भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य, उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख, नवी मुंबई मनपा के उपायुक्त शरद पवार, नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भाराम्बे, मीरा भायंदर पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, ठाणे जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. डी.एस. स्वामी, ठाणे पुलिस उपायुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण, जेल उप महानिरीक्षक योगेश देसाई, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी छाया देवी शिसोडे, उप निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अशोक नंदापुरकर, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी दीपक कुटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. – महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

संपादकीय

## छात्रों का गुस्सा जायज

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित इस बार की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल गहरे कर दिए हैं। कुछ केंद्रों पर गलत पर्चा बंटने के बाद से ही विद्यार्थी आरोप लगाते रहे कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर निकल चुके हैं, मगर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए लगातार उस आरोप को खारिज करती रही। फिर नतीजे आए तो उसमें कई विसंगतियां देखी गईं। सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले थे।

करीब सोलह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा, तो उसने स्थिति स्पष्ट करने को कहा। मगर फिर भी एनटीए और सरकार की तरफ से तर्क दिया जाता रहा कि परीक्षा का पर्चा बाहर नहीं गया, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में कुछ त्रुटि हो सकती है। उसके लिए एक जांच समिति गठित कर दी गई। सोलह सौ विद्यार्थियों को दुबारा परीक्षा में बैठने की सहूलियत दी गई। मगर अब सबूत सामने आने लगे हैं कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर हो गया था।

इससे एक बार फिर एनटीए की साख धूमिल हुई है। इस संस्था का गठन ही इस मकसद से किया गया था कि यह पूरी पारदर्शिता के साथ और चौक-चौबंद तरीके से प्रतियोगी तथा प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करेगी। इससे नकल माफिया पर अंकुश लगेगा। जिस तरह पूरे देश में नकल माफिया का जाल फैल चुका है और वे सख्त से सख्त पहरे में भी सेंधमारी करने में माहिर हो चुके हैं, उससे पार पाने में एनटीए को एक कारगर तंत्र माना जा रहा था। मगर वह भी विफल हो चुका है।

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे फोड़ने में सबसे अधिक कोचिंग संस्थानों का हाथ देखा गया है। राज्य सेवा आयोग की परीक्षाओं तक में वे सेंध लगाते पाए गए हैं। उन पर नकेल कसने का अभी तक कोई पुख्ता तंत्र नहीं बन पाया है। परीक्षाओं में धांधली होनहार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ और व्यवस्था में औसत तथा अयोग्य लोगों की फौज जमा करते जाने की कोशिश है। बिना दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

# राज्य सरकारों के साथ हर वर्ग की भागीदारी जरूरी

इस साल मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट परीक्षा) कुछ गलत कारणों से सुर्खियों में आ गई है। 'नीट ऐंड क्लीन' वैसे तो अंग्रेजी का एक मुहावरा है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि क्या नीट परीक्षा क्लीन हो सकेगी? देश भर में विद्यार्थी सड़कों पर हैं, मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है, विपक्षी दलों ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है, और केंद्र की सरकार घिरती हुई नजर आ रही है।


इसका कारण यह है कि इस बार की परीक्षा में कुछ ऐसी अजीबोगरीब बातें हुई हैं, जो पहले कभी नहीं हुई थीं। एक तो इसका परिणाम नियत तिथि से 10 दिन पहले, यानी जिस दिन लोकसभा चुनावों के परिणाम घोषित हो रहे थे, ठीक उसी दिन सियासी गहमागहमी के बीच चुपके से घोषित कर दिया गया। इसके अलावा, पेपर लीक होने, इक्का-दुक्का की तुलना में 67 टॉपर्स होने, असंभव स्कोर होने, करीब 1,500 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने, कट-ऑफ अधिक होने, एक ही कोचिंग सेंटर से आठ विद्यार्थियों के मेरिट लिस्ट में शामिल होने आदि के आरोप लगे हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी-नीट) भारत में स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों (एमबीबीएस और बीडीएस) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रव्यापी परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के अधिकांश मेडिकल कॉलेजों के लिए एकमात्र प्रवेश परीक्षा के रूप में आयोजित की जाती है। इनमें सरकारी और निजी, दोनों तरह के




मेडिकल कॉलेज शामिल हैं और सीटों की संख्या लगभग एक लाख है। साल में एक बार आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थी बैठते हैं, यानी एक सीट के लिए लगभग 24 विद्यार्थी अपना भाग्य आजमाते हैं। इससे पता चलता है कि ये दाखिले कितने आकर्षक और लाभदायक माने जाते हैं। विद्यार्थी इसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं, कोचिंग करते हैं, और कुछ विद्यार्थी एवं उनके माता-पिता इसके लिए कोई भी कीमत देने के लिए तैयार रहते हैं, और ठीक यहीं से समस्या शुरू होती है। यह परीक्षा बहुविकल्पी (मल्टीपल-चॉइस) प्रश्नों के आधार पर ली जाती है, जिसमें विद्यार्थियों को ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) शीट पर उत्तर अंकित करने होते हैं। यह परीक्षा की विश्वसनीयता स्थापित करने और शीघ्रता से परीक्षा परिणाम घोषित करने में मदद करता है। तो फिर समस्याएं क्यों हो जाती हैं?

सबसे बड़ी समस्या पेपर लीक होने की है। चूंकि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश केवल परीक्षा के स्कोर पर ही निर्भर होता है, इसलिए भ्रष्टाचारी लोग इसमें आसान कमाई का रास्ता ढूंढ लेते हैं, खासकर तब, जब कुछ माता-पिता इसके लिए कोई भी कीमत देने के लिए तैयार रहते हैं। इसका कारण यह है कि प्राइवेट कॉलेजों की फीस की तुलना में यह कीमत फिर भी काफी कम रहती है। और कम खर्च वाले सरकारी कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के माध्यम से संभव होता है। इसके बाद एनटीए को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है।

तो क्या यह सब इसी तरह से चलता रहेगा, और हम हाथ-पर-हाथ धरकर बस देखते रहेंगे? आइए, देखते हैं कि कुछ दूसरे देश इस काम को किस तरह हमसे बेहतर विश्वसनीयता के साथ करते हैं, और क्या हम उनसे कुछ सबक ले सकते हैं? अमेरिका में इसके लिए मेडिकल कॉलेज एडमिशन टेस्ट (एमसीएटी) आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट की तीन मुख्य बातें ध्यान देने योग्य हैं–प्रवेश के अनेक घटक, सुरक्षा और पारदर्शिता। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि अमेरिका में दाखिले के लिए केवल परीक्षा पर ही निर्भर नहीं रहा जाता। इसमें इसके अलावा तीन घटक और शामिल हैं। इसके लिए आवेदक को समग्र आवेदन पैकेज जमा करना होता है, जिसमें शामिल हैं-(1) निजी कथनः इसमें आवेदक अपनी अभिप्रेरणाओं, अनुभवों और गुणों को स्पष्ट करते हैं, जो उन्हें दाखिले के लिए उपयुक्त सिद्ध करें। (2) अनुशंसा पत्रः अध्यापक या स्वास्थ्य सेवा पेशेवर आवेदक के शैक्षिक निष्पादन, कार्य नैतिकता और सफल विद्यार्थी होने की संभावना के बारे में जानकारी देते हैं। (3) साक्षात्कारः इससे मेडिकल कॉलेज आवेदक के संप्रेषण कौशलों, पारस्परिक कौशलों, और पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्तता का आकलन कर सकते हैं।


देने से अधिक खुशी हमारे दिल को किसी और चीज़ से नहीं मिलती। जब हम देते हैं, तो हम कुछ खोते नहीं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# G-7 देशों के मंच पर बढ़ी भारत की ताकत

अत्याधुनिक अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत की विशेष उपस्थिति इसकी बढ़ती आर्थिक ताकत का ही प्रमाण है। भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, मगर हर वर्ष इसे विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा है। हालांकि इस बार इटली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को भी निमंत्रित किया गया था, पर भारत को खास तवज्जो दी गई। दरअसल, यह सम्मेलन एक ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इजराइल संघर्ष जारी है।

पूरी दुनिया अभी मंदी की चपेट में है। यहां तक कि जी-7 के सदस्य देश अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और जापान भी इससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आ रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। जी-7 के मंच से प्रधानमंत्री ने फिर अपना संकल्प दोहराया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उधर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के स्तर पर जी-7 देशों की भागीदारी लगातार घट रही है। वे विश्व जीडीपी में साठ फीसद की भागीदारी से चालीस फीसद पर पहुंच गए हैं।




भारत लगातार विकसित देशों के समांतर एक ताकतवर समूह बनाने की कोशिश कर रहा है। उसी रणनीति के तहत जी-20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को भी समूह में शामिल किया गया। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण के देशों को एक मंच पर लाकर एक नया आर्थिक मंच बनाना चाहता है। जी-7 के सदस्य देश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण एक विशाल बाजार है, वहां सस्ते श्रम की उपलब्धता भी भरपूर है। हालांकि इस बार के शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने, वैश्विक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबंधी रणनीतियां बनाने पर जोर रहा, पर रूस और चीन की वजह से बढ़ते तनाव को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जी-7 समूह के सभी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हैं और उनके साथ व्यापार-वाणिज्य संबंधी गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। जी-7 का जोर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर है, इस तरह भारत इसमें मजबूत कड़ी साबित होगा।

भारत के सामने फिलहाल कड़ी चुनौती चीन की तरफ से है। चीन को लेकर जी-7 देश भी वक्र दृष्टि रखते हैं। इस दौर में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कमजोर होता गया है और जी-7 देश वैश्विक मामलों में निर्णायक साबित हो रहे हैं, वे भारत को विशेष रूप से अपने साथ जोड़े रखना चाहते हैं, तो निश्चय ही यह चीन के लिए चिंता का विषय होगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष में भी भारत की मध्यस्थता को अहम माना जा रहा है, जबकि इन दिनों रूस की नजदीकी चीन से बढ़ी है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने जी-7 के मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे पड़ोसी देशों से रिश्ते मधुर बनाने पर जोर देंगे, ताकि वे चीन की गिरफ्त से बाहर निकल सकें, यह भी चीन के लिए रणनीतिक रूप से परेशान करने वाली बात है। जी-7 के इस शिखर सम्मेलन से भारत के लिए नई राहें खुलती नजर आती हैं।

# चीन के लिए भरी उड़ान, लेकिन गायब हुआ था प्लेन

दुनिया में कुछ हवाई जहाज हादसे रहस्य बन गए. कुछ की तो लंबे समय से जांच पड़ताल चल रही है.

### जरा हट के

एमएच 370 विमान हादसा ऐसा ही है. 2014 में लापता हुए बोइंग 777 की एक दशक से भी अधिक समय से चल रही निरर्थक खोज में रडार, उपग्रह, वायु और सोनार अनुसंधान शामिल हैं. एक रिसर्चर का मानना है कि वह गायब हुए MH370 विमान के रहस्य को सुलझाने के करीब पहुंच गया है.

इसकी वजह एक ऐसी ध्वनि है जो दुनिया को वह जवाब दे सकती है जिसकी सभी को उम्मीद थी. लेकिन अब ऐसा माना जा रहा है कि कुछ बहुत ही सरल चीज उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन की सच्चाई को उजागर कर सकती है.

न्यूजडॉटकॉमडॉटएयू की रिपोर्ट के मुताबिक कार्डिफ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि उनके हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग है जिसकी




बदौलत विमान में सवार 239 लोगों के साथ क्या हुआ, इसका पता लगाया जा सकता है. हाइड्रोफोन रिकॉर्डिंग का उपयोग परमाणु विस्फोटों का पता लगाने और समुद्र में दबाव में बदलाव की निगरानी के लिए किया जाता है.

मलेशिया एयरलाइंस की फ्लाइट 370 मलेशिया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान थी जो 8 मार्च, 2014 को रडार से गायब हो गई थी. उस समय यह मलेशिया के कुआलालंपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपने नियोजित गंतव्य, चीन के बीजिंग कैपिटल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रही थी.

उस समय विमान में 227 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे और इसके लापता होने के बाद हिंद महासागर, ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम से लेकर मध्य एशिया तक खोज अभियान चलाया गया. मलबे के कुछ हिस्से तब से बहकर आ चुके हैं, लेकिन विमान के लापता होने का स्थान या क्या गलत हुआ, यह कभी पता नहीं चल पाया है.

# पनीर एंड कॉर्न पापड़ रोल




**अगर आप शाम को लगने वाली छोटी-छोटी भूख के लिए कुछ हेल्दी ऑप्शन की तलाश कर रहे हैं, तो पनीर एंड कॉर्न पापड़ रोल है इसके लिए बेस्ट। जिसे बनाने में न बहुत ज्यादा मेहनत लगती है और न ही वक्त।**

### सामग्री :

- 5-6 मोटे व बड़े साइज के चना दाल पापड़
- 1/2 कप कॉर्न उबले हुए
- 1/2 कप पनीर क्यूब्स कटे
- 1 प्याज का स्लाइस
- 2 टमाटर स्लाइस किए हुए
- 1-2 सलाद के पत्ते
- 1 पीली शिमला मिर्च बारीक कटी
- 1/2 कप चीज कसा हुआ
- 2-3 बड़े चम्मच टोमैटो सॉस
- स्वादानुसार नमक व काली मिर्च
- 1 बड़ा चम्मच चिली गॉर्लिक सॉस
- 1/2 कप सोया ग्रेन्युल्स गरम पानी में भिगोकर निथारे व निचोड़े हुए
- 2 बड़े चम्मच तेल




### विधि :

एक पैन में तेल गरम करें सोया ग्रेन्यूल्स डालें और नमक डालकर अच्छी तरह से फ्राई कर निकाल लें। बचे तेल में उबले कॉर्न, पनीर, शिमला मिर्च और प्याज को तेज आंच पर सॉते करके निकाल लें। पापड़ को गीला करें, बटर पेपर पर रखें। पापड़ के एक साइड में बटर लगाएं। फिर टमाटर सॉस की लेयर लगाएं। सलाद के पत्ते सेट करें। इसमें सॉते किया हुआ मिश्रण डालें। नमक, काली मिर्च व चीज बुरकें। चिली सॉस डालें और पापड़ को रोल करें और बांध लें। दो मिनट माइक्रोवेव करें। चेरी टमाटर या टमाटर के स्लाइस के साथ परोसें।

# डायबिटीज महिलाओं के लिए अधिक घातक क्यों?

### डॉक्टर से जानें किन बीमारियों का बनता है कारण

दुनियाभर में डायबिटीज से पीड़ितों की फेहरित लंबी है. ताउम्र साथ रहने वाली यह बीमारी हर उम्र के महिला-पुरुष को अपना शिकार बना रही है. इसकी जद में आते ही इंसान को तमाम गंभीर बीमारियों शिकार बनाने लगती हैं. वैसे तो डायबिटीज की गंभीरता सभी में देखी जाती है, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट महिलाओं के लिए ये अधिक घातक बताते हैं. जी हां, महिलाओं में डायबिटीज हार्ट डिजीज, किडनी डिजीज, अंधापन, डिप्रेशन, यूटीआई और इंफर्टिलिटी की समस्याओं के हाई रिस्क में डाल सकती है. अब सवाल है कि डायबिटीज महिलाओं के कैसे घातक? किन बीमारियों का बढ़ता है खतरा? कैसे रखें शुगर लेवल मेंटेन? इस बारे में News18 को बता रही हैं राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. अमृता साहा-




### यौन रोगों का सबसे अधिक जोखिम

डॉ. अमृता साहा के मुताबिक, डायबिटीज एक मेटाबॉलिक डिसऑडर है, जो हाई ब्लड शुगर लेवल के कारण होता है. डायबिटीज महिलाओं के ओवरऑल हेल्थ पर प्रभाव डालती है. इससे पीड़ित होने पर महिलाओं को वेजाइनल डिस्चार्ज, योनि में खुजली, दर्द, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, सेक्स ड्राइव में कमी और बार-बार पेशाब आने जैसे लक्षणों का अनुभव हो सकता है. यही नहीं, मासिक चक्र में बदलाव से पीरिय* लंबे और हेवी भी हो सकते हैं. इसलिए, उनके लिए एक हेल्थ लाइफस्टाइल को मेंटेन करने और अपने शुगर कंट्रोल लेवल को मॉनीटर करना जरूरी हो जाता है.

### प्रजनन अंगों को होता है नुकसान

डायबिटीज में महिलाओं में वेजाइनल ल्यूब्रिकेशन कम हो जाता है, जिससे उन्हें इंटरकोर्स के दौरान दर्द हो सकता है. टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज दोनों ही पीरिय* की अनियमितताओं और कम प्रजनन दर के लिए जिम्मेदार हैं. दरअसल, डायबिटिक महिलाओं में संक्रमण और फैलोपियन ट्यूब जैसे प्रजनन अंगों को नुकसान होने का खतरा अधिक होता है.

### हार्ट अटैक का भी बनता है खतरा

एक रिपोर्ट के मुताबिक, डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं को भी दिल का दौरा पड़ने का खतरा अधिक होता है. इससे हार्ट अटैक का कारण भी बनता है. इसके अलावा, महिलाओं में डायबिटीज से अंधापन, गुर्दे की बीमारी और अवसाद जैसे लक्षण भी देखने को मिल सकते हैं.

### ऐसे करें मेंटेन करें ब्लड शुगर लेवल

डाइटिशियन रितु त्रिवेदी के मुताबिक, आपकी हेल्दी डाइट शुगर लेवल को मेंटेन करने में कारगर हो सकती है. इसके लिए फाइबर से भरपूर खाना खाएं. अपने आहार में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां और दाल शामिल करें. जितना संभव हो ऑयली, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स से बचें. पैक्ड जूस, मिठाई, मिठाई, कोला और सोडा की जगह घर का बना ताजा जूस लेना चाहिए. ध्यान रखें कि वजन एक्सरसाइज और योग को जरूर करें. इससे वजन मेंटेन रहने के साथ डायबिटीज का जोखिम कम हो सकता है.

## आज का राशिफल

**मेष :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे।

**वृषभ :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें।

**कर्क :** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे।

**सिंह :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या :** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला :** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**मकर :** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मीन :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# महिलाओं के लिए फायदेमंद है ग्वार फली

**ग्वार फली का नाम सुनते ही बच्चे हो या बड़े, अकसर नाक-मुंह बनाने लगते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ये हरे रंग की बीन्स जैसी ये सब्जी आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है। महिलाओं की सेहत के लिए तो ग्वार फली किसी वरदान से कम नहीं है। इसे खाने से उन्हें ढेरों फायदे मिलते हैं। ग्वार फली में प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और विटामिन सी जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। जो वजन घटाने से लेकर शरीर में आयरन की कमी दूर करने तक में मदद कर सकते हैं। ग्वार फली को अंग्रेजी में क्लस्टर बीन्स के नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं आखिर ग्वार फली का सेवन सेहत को देता है क्या-क्या गजब के फायदे।**

### मोटापे से लेकर एनीमिया तक रखती है दूर

### वेट लॉस

जो लोग वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं उनके लिए ग्वार फली एक अच्छा ऑप्शन हो सकती है। ग्वार फली में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

### एनीमिया से बचाव

ग्वार फली में आयरन की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो रेड ब्लड सेल्स को बनने में मदद करती है। जिससे शरीर में खून की कमी नहीं होती।



### गर्भावस्था में फायदेमंद

ग्वार की फली प्रेग्नेंसी में भी काफी फायदेमंद होती है। ग्वार फली में मौजूद आयरन और कैल्शियम गर्भवती महिलाओं में इन खनिजों की कमी को पूरा करने में मदद कर सकता है। यह सब्जी फोलिक एसिड से भरपूर होती है, जो भ्रूण को कई कॉम्प्लीकेशन्स से बचा सकती है। ग्वार फलियों में मौजूद विटामिन के हड्डियों के लिए फायदेमंद है और होने वाले बच्चे के बेहतर विकास में मदद करता है।

### ब्लडप्रेशर

ग्वार फली में मौजूद हाइपोग्लाइसेमिक और हाइपोलिपिडेमिक गुण हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित लोगों के लिए एक अच्छा प्राकृतिक उपाय है। डायबिटीज और हृदय रोग वाले लोगों को हाई ब्लडप्रेशर का खतरा अधिक बना रहता है, ऐसे में ग्वार फली का सेवन उनकी सेहत को फायदा पहुंचा सकता है।

### कमजोरी दूर करें

महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी से शरीर में कमजोरी बनी रहती है। ऐसे में ग्वार की फली खाने से कमजोरी दूर होने के साथ हीमोग्लोबिन का लेवल भी अच्छा बना रहता है। ग्वार फली खून की कमी को दूर करके शरीर को हेल्दी बनाए रखती है। जिसके महिलाओं की थकान भी दूर होती है।

# जल जाए हाथ, तो तुरंत इन तरीकों को अपनाएं

**किचन में काम करते हुए अक्सर लापरवाही बरतने से समस्या हो सकती है। कई बार ऐसा होता है कि खाना बनाते समय तेल छलकर शरीर के किसी अंग पर गिर जाता है। कभी तवे से हाथ जल जाता है, तो कभी गर्म तेल से स्किन जल जाती है। ऐसे में अगर खाना बनाते समय आपका हाथ या शरीर का कोई अंग जल जाए तो इन तरीकों को फटाफट अपना लें।**



### बर्फ लगाएं

अगर आपका हाथ हल्का फुल्का जल गया है तो पहले ठंडे पानी से धोएं और तुरंत इस पर बर्फ लगाएं। जब आप जले हुए हिस्से पर बर्फ लगा लेते हैं तो घाव या जलन नहीं होता। इसके अलावा बर्फ लगाने से फफोले भी नहीं होते हैं और जलने के बाद दाग से बच सकते हैं।

### सरसों का तेल और नमक

दादी-नानी के नुस्खे अक्सर खूब काम आते हैं। कहा जाता है कि अगर जले हुए हिस्से पर सरसों का तेल और नमक लगा लिया जाए तो फफोले नहीं होंगे। वहीं जले का निशान भी नहीं होगा।

### एलोवेरा जेल

कहा जाता है कि एलोवेरा जेल एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ठंडा भी होता है। ऐसे में जब आप जल जाएं तो तुरंत एलोवेरा जेल निकाल लें और इस बर्न एरिया में लगाएं। कुछ देर इसे ऐसे ही रहने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। कोशिश करें की आप फ्रिज में रखे एलोवेरा को जले पर लगाएं।

### शहद लगाएं

शहद एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ये स्किन में जलन को रोकता है। जब आप जले हुए हिस्से पर शहद लगाते हैं तो तुरंत इसे घाव बनने से रोक सकते है। इसे जले हुए हिस्से पर थोड़ी देर के लिए लगाकर छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सगे भाइयों ने बहन की हत्या कर जलाया शव

**हरदोई.** हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र में 30 मई को एक युवती का अधजला शव मिलने के मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा किया। युवती की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसी के दो सगे भाइयों ने की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिस कार से युवती को यहां तक लाया गया पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि बहन गैर समुदाय के एक युवक से प्यार करती थी इसी बात से परिजन एतराज रखते थे। समझाने पर जब वह नहीं मानी तो उसकी हत्या कर दी। एएसपी के अनुसार दोनों भाइयों ने बताया कि उसकी बहन बिट्टी एक गैर समुदाय के युवक से प्रेम करती थी। इसका पूरा परिवार विरोध कर रहा था। कई बार मना किया गया, लेकिन वह नहीं मानी। इसी बात से खफा होकर 30 मई को मौसी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर उसको कार में लेकर अतरौली थाना क्षेत्र में आए। अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पवैया से गहडोल जाने वाले मार्ग पर सुनसान इलाके में पतवार रखी हुई थी। उसी स्थान पर बिट्टी का गला दबाकर मार डाला। फिर उसे पतवार से ढंककर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

### खाना मांगने पर मां ने दबाया चार साल के बेटे का गला, मासूम की मौत के बाद भागी

**प्रयागराज.** प्रयागराज के शंकरगढ़ के एक महिला ने खाना मांगने पर चार वर्षीय सौतेले बेटे की पहले पिटाई की और फिर गला दबाकर उसे मार डाला। मासूम की हत्या के बाद वह भाग निकली। बच्चे के पिता की सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपी महिला ने कहा कि बार-बार परेशान करने पर उसने बच्चे को मार डाला। पुलिस का कहना है कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। शंकरगढ़ के वार्ड नंबर 10 हज्जी टोला निवासी अजय कुमार की पहली पत्नी सविता दो साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। पहली पत्नी से उसके दो बेटे आठ वर्षीय कृष्णा एवं चार वर्षीय कान्हा थे। बच्चों की देखभाल के लिए अजय ने दो साल पहले सतना की गुड़िया से दूसरी शादी कर ली। आरोप है कि गुड़िया ने शुरू से बच्चों से सौतेला व्यवहार किया। वह दोनों सौतेले बेटों कृष्णा और कान्हा को मारती पीटती थी।

### 24 जून से दो जुलाई तक अग्निवीर भर्ती

**अयोध्या.** अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से दो जुलाई तक अयोध्या में आयोजित की जाएगी। प्रदेश के 13 जिलों की भर्ती रैली अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड पर होगी। यह रैली मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही है। भर्ती रैली में पहले फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा जिसमें 1.6 किलोमीटर की दौड़, जिग जैग बैलेंस, नौ फुट डिच और बीम शामिल होगा। जो अभ्यर्थी पीएफटी पास कर लेंगे वे शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) के लिए आगे बढ़ेंगे, जिसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती के विस्तार को मापा जाएगा। फिर पीएमटी पास करने वाले सभी अभ्यर्थी दस्तावेजों की जांच होगी।

**भर्ती में शामिल जिले** - अंबेडकर नगर, अमेठी, महाराजगंज, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर।

# दार्जिलिंग में रेल हादसा : 15 की मौत, 60 घायल

- कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी
- रेलवे ने कहा- गुड्स ट्रेन के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है। ईस्टर्न रेलवे के CPRO कौशिक मित्रा ने इसकी पुष्टि की। न्यूज एजेंसी PTI ने 15 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की जानकारी दी है।

कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक SLR कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12:40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है।

कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) 16 जून को सुबह 8:15 बजे अगरतला से रवाना हुई थी। इसे 17 जून को शाम 7:20 बजे सियालदह पहुंचना था। हादसा न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के करीब रंगापानी में हुआ। ट्रेन रेड सिग्नल की वजह से यहां रुइधासा में रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के इंजन पर एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा हवा में लटक गया। अन्य दो डिब्बे बेपटरी हो गए। रेलवे के मुताबिक, आशंका है कि भारी बारिश की वजह से मालगाड़ी का पायलट सिग्नल नहीं देख पाया, जिसके कारण दुर्घटना हुई। NDRF, SDRF समेत रेलवे और बंगाल के अधिकारी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं।

#### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटीयर (NFR) जोन में हादसा दुखद है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर जारी है। रेलवे, NDRF और SDRF मिलकर काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा - दार्जिलिंग के फांसीदेवा इलाके में एक रेल दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ। राहत बचाव काम और लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को 10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपए और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है।

नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के CPRO सब्यसाची दे ने कहा- जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है, उसे रात तक चालू कर दिया जाएगा। डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस भी रात में चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली से दार्जिलिंग के लिए रवाना हो गए हैं।

## CID के सामने पेश हुए येदियुरप्पा

**यौन शोषण केस**

- पूछताछ से पहले बोले- राज्य के लोग परेशानी में हैं
- कर्नाटक हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी रोकी थी



"मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे हैं, लेकिन मैं अभी ये नहीं कह सकता कि इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद है।
**बीएस येदियुरप्पा,** पूर्व मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली.** नाबालिग लड़की से यौन शोषण मामले में पूछताछ के लिए कर्नाटक के पूर्व CM येदियुरप्पा सोमवार (17 जून) को CID के सामने पेश हो गए हैं। CID के अफसर उनसे पूछताछ कर रहे हैं।

घर से निकलते समय मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा- मैं पूछताछ के लिए जा रहा हूं। राज्य के लोग बहुत दिक्कतें झेल रहे हैं। ऐसे समय में पेट्रोल-डिजल के दाम बढ़ाना एक अपराध है।

येदियुरप्पा ने रविवार को कहा था कि कुछ लोग कन्फ्यूजन फैलाना चाहते हैं। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहता। सबको सबकुछ पता ही है। इस साजिश के पीछे जो भी है, उसे जनता सबक सिखाएगी।

दरअसल, येदियुरप्पा के खिलाफ 13 जून को गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट बेंगलुरु की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने जारी किया था। हालांकि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 14 जून को गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि येदियुरप्पा को CID के सामने पेश होना होगा।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी करने को लेकर भी आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि येदियुरप्पा पूर्व CM हैं। वे केस में सहयोग कर रहे हैं। उनकी उम्र और मामले की जांच में उनके व्यवहार को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जानी थी।

### असम में राज्य कर्मचारियों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी

**गुवाहाटी.** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों को अब अपने बिजली के बिल खुद भरने होंगे। यह नया नियम जुलाई से लागू होगा। इस कदम का मकसद वीआईपी संस्कृति को खत्म करना और सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है।

रविवार को गुवाहाटी के सेक्रेटेरिएट कॉम्प्लेक्स में जनता भवन सोलर प्रोजेक्ट के उद्घाटन के मौके पर सरमा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी कर्मचारियों को मुफ्त बिजली मिलती थी, लेकिन अब उन्हें अपनी जिम्मेदारी खुद निभानी होगी।

**बंगाल गवर्नर का आदेश**

## राजभवन तुरंत खाली करे कोलकाता पुलिस



#### पुलिस ने चुनावी हिंसा पीड़ितों को गवर्नर से मिलने से रोका था

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार सुबह राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के जवानों को तुरंत परिसर खाली करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गवर्नर बोस राजभवन के नॉर्थ गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच में बनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, पुलिस को हटाने का आदेश उस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें राजभवन में तैनात पुलिस कर्मियों ने चुनाव हिंसा पीड़ितों को गवर्नर से मिलने से रोक दिया था। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्यपाल का कहना है कि पुलिस उनके निर्देशों का पालन नहीं कर रही है और वे उनके आस-पास सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

दरअसल पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता पुलिस को लेटर लिखकर 19 जून को हिंसा पीड़ितों के साथ राजभवन के पास धरना देने की इजाजत मांगी थी। उन्होंने लिखा- अगर एक क्षेत्रीय पार्टी को राजनीतिक कार्यक्रम करने की इजाजत मिल सकती है तो भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी को भी यह इजाजत मिलनी चाहिए।

इसके बाद, 13 जून को पुलिस ने भाजपा लीडर और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और चुनावों के बाद जारी हिंसा के पीड़ितों को राज भवन जाने से रोका था। पुलिस ने कारण दिया था कि राज भवन के आसपास सेक्शन 144 लागू है, इसलिए वहां किसी तरह का प्रदर्शन या धरना नहीं हो सकता.

#### क्या गवर्नर को हाउस अरेस्ट में रखा है

सुवेंदु अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति ने पुलिस के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दर्ज की। शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि अगर राजभवन की तरफ से इजाजत मिलती है तो सुवेंदु अधिकारी और हिंसा पीड़ित लोग गवर्नर से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जस्टिस अमृता सिन्हा की सिंगल बेंच ने पश्चिम बंगाल के एडवोकेट जनरल से यह भी पूछा था कि क्या गवर्नर को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। अगर ऐसा नहीं है तो इन लोगों को राजभवन जाकर गवर्नर से मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा है।

### BJP दफ्तर के बाहर मिला बम?

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कल रात बीजेपी दफ्तर में बम जैसी चीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद यह जानकारी दी कि वह संदिग्ध चीज बम नहीं थी। बम मिलने की सूचना के बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते की टीम और डॉग स्क्वायड यहां पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक एक साजिश के तहत बम जैसी चीज को रस्सी में लपेटकर सड़क के बीच रख दिया गया था और इसे बम बताया गया था। पुलिस घटना के बाद छानबीन कर रही है। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है।

## केरल कांग्रेस ने विवादित पोस्ट पर माफी मांगी

**पोप-मोदी की मुलाकात पर लिखा था- आखिरकार ईसाई धर्मगुरु की भगवान से मुलाकात हो ही गई**

**नई दिल्ली.** इटली में G-7 मीटिंग के 14 जून को ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस और PM मोदी की मुलाकात हुई थी। इसकी तस्वीर पोस्ट करते हुए केरल कांग्रेस ने रविवार (16 जून) को लिखा था- आखिरकार पोप की भगवान से मुलाकात हो ही गई। केरल कांग्रेस ने मोदी के 'भगवान ने मुझे स्पेशल मिशन के लिए भेजा है' बयान को लेकर तंज किया था।

भाजपा ने केरल कांग्रेस की पोस्ट को पीएम और पोप का अपमान बताया। विरोध बढ़ने पर केरल कांग्रेस ने रविवार को ही पोस्ट डिलीट करते हुए माफी मांगी ली। केरल कांग्रेस ने स्टेटमेंट जारी कर कहा- ईसाई समुदाय की भावनाओं को हम ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। हालांकि, PM की आलोचना से कांग्रेस को कोई हिचक नहीं है।




भाजपा ने कहा- कांग्रेस ने इसाइयों का अपमान किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने X पर पोस्ट कर कहा- केरल कांग्रेस का सोशल मीडिया अकाउंट इस्लामिक कट्टरपंथियों और अर्बन नक्सलियों द्वारा चलाया जाता है। इस हैंडल से राष्ट्रवादी नेताओं के खिलाफ कंटेंट तो पहले ही पोस्ट किया जाता था, लेकिन अब पोप और ईसाई समुदाय का भी मजाक उड़ाया जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जु खड़गे, वायनाड से सांसद राहुल गांधी और जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल इन सब चीजों को बढ़ावा दे रहे हैं।

केरल भाजपा महासचिव जॉर्ज कुरियन ने कहा कि केरल कांग्रेस की पोस्ट आपत्तिजनक है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। खास तौर पर केरल में ज्यादा आपत्तिजनक है क्योंकि, यहां ईसाई तीसरा सबसे बड़ा प्रचलित धर्म है।

भाजपा के IT सेल के प्रमुख अमित मालवीया ने लिखा- हिंदुओं का मजाक उड़ाने और उनकी आस्था का अपमान करने के बाद, कांग्रेस के इस्लामवादी और मार्क्सवादी अब ईसाइयों का अपमान करने पर उतर आए हैं। सोनिया गांधी इस पार्टी की इस पार्टी की लंबे समय तक अध्यक्ष रही हैं। वह खुद कैथोलिक हैं।

## बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर

- अरागाम के जंगलों में मुठभेड़
- रियासी में हुए आतंकी हमले की जांच NIA करेगी
- नई FIR दर्ज

**बांदीपोरा.** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सोमवार (17 जून) सुबह सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। यहां 2 से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश की जा रही है। अरागाम के जंगलों में रविवार (16 जून) को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की। सोमवार सुबह तलाशी तेज की गई तो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

मारे गए आतंकवादी का शव जंगल में पड़ा हुआ है। उसे ड्रोन से देखा गया। हालांकि, उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

इधर, 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच NIA को सौंप दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई FIR दर्ज की गई है। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

9 जून के बाद से चार आतंकी हमले हो चुके जम्मू कश्मीर में 9 जून से रियासी, कठुआ और डोडा में चार स्थानों पर आतंकवादी हमले हो चुके हैं। इनमें नौ तीर्थयात्री मारे गए। साथ ही एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का जवान शहीद हो गया था। वहीं, एक नागरिक और सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

## जम्मू-कश्मीर में चिनाब ब्रिज पर हुआ ट्रेन का ट्रायल

- यह दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज;
- संगलदान-रियासी के बीच 30 जून से चलेगी पहली ट्रेन

**रामबन.** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बताया कि जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन पूरा हुआ है। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से होकर गुजरेगी, जो कि दुनिया का सबसे ऊंचा स्टील आर्च ब्रिज है। अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस सफल परीक्षण की जानकारी दी।

चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टॉवर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक संगलदान से रियासी रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन के सफल परीक्षण के बाद इस रूट पर पहली ट्रेन 30 जून को ऑपरेट करेगी।

#### रेल मंत्री बोले- प्रोजेक्ट का काम लगभग पूरा

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक (USBRL) प्रोजेक्ट के तहत सभी निर्माण कार्य लगभग पूरे हो गए हैं। टनल नंबर 1 का निर्माण थोड़ा बाकी है। USBRL प्रोजेक्ट के पूरा होते ही भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को देश के बाकी रेलवे नेटकर्व से जोड़ने की दिशा में एक और कदम पूरा होगा।

केंद्रीय मंत्री और ऊधमपुर से भाजपा सांसद जितेंद्र सिंह ने भी 15 जून को X पर लिखा कि रामबन के संगलदान से रियासी के बीच दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज पर ट्रेन सर्विस जल्द शुरू होगी। ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगया।




#### 27-28 जून को रेलवे सेफ्टी कमिश्नर रूट का दौरा करेंगे

46 किमी लंबे संगलदान-रियासी रूट का 27 और 28 जून को रेलवे सेफ्टी कमिश्नर डीसी देशवाल इंस्पेक्शन करेंगे। नॉर्दर्न रेलवे के चीफ PRO दीपक कुमार ने बताया कि इंस्पेक्शन तक बाकी काम पूरा हो जाएगा। USBRL प्रोजेक्ट 1997 से शुरू हुआ था और इसके तहत 272 किमी की रेल लाइन बिछाई जानी थी। अब तक अलग-अलग फेज में 209 किमी लाइन बिछाई जा चुकी है। इस साल के अंत तक रियासी को कटरा से जोड़ने वाली आखिरी 17 किमी लाइन बिछाई जाएगी, जिससे एक ट्रेन कश्मीर को बाकी देश से जोड़ेगी।

#### 20 साल में बनकर तैयार हुआ यह ब्रिज

कश्मीर घाटी बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाती थी। 22 फरवरी 2024 तक कश्मीर घाटी तक सिर्फ नेशनल हाईवे- 44 के जरिए जाया जा सकता था। बर्फबारी होने पर कश्मीर घाटी जाने वाला ये रास्ता भी बंद हो जाता था। इसके अलावा कश्मीर जाने के लिए जम्मू-तवी तक ही ट्रेन जाती थी, जहां से करीब 350 किलोमीटर लोगों को सड़क मार्ग से जाना पड़ता था। जवाहर टनल होते हुए गुजरने वाले इस रास्ते से लोगों को जम्मू-तवी से घाटी जाने के लिए 8 से 10 घंटे का समय लग जाता था।

### X ने अप्रैल-मई में 2.30 लाख भारतीय अकाउंट बैन किए

**नई दिल्ली.** इलॉन मस्क की कंपनी X कॉर्प ने 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में 230,892 अकाउंट्स को बैन किया है। इनमें से 2,29,925 अकाउंट्स को बच्चों के यौन शोषण और नॉन-कंसेशुअल न्यूडिटी को बढ़ावा देने के आरोप में बैन किया गया है। वहीं 967 अकाउंट्स को आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में हटाया गया है। नए IT नियमों, 2021 के मुताबिक अपनी मंथली रिपोर्ट में X ने कहा कि 26 अप्रैल से 25 मई के बीच उसे भारत में X यूजर्स की 17,580 शिकायतें मिलीं। इस दौरान कंपनी ने अकाउंट सस्पेंशन के खिलाफ 76 शिकायतों को भी प्रोसेस किया। इससे पहले 26 मार्च से 25 अप्रैल के बीच X ने भारत में 1,84,241 अकाउंट्स को बैन किया था। इसमें 1,303 अकाउंट्स आतंकवाद को बढ़ावा देने के चलते बैन किए गए थे।

## सभी प्लेयर्स की जगह नहीं खेल सकता :बाबर

**कहा- पाकिस्तान किसी एक खिलाड़ी के कारण नहीं हारा, कप्तानी पर फैसला PCB करेगा**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम का मानना है कि टीम के सभी खिलाड़ी टीमवर्क करने में असफल रहे और यही टी-20 वर्ल्ड कप में उनके फ्लॉप शो का कारण है।

सुपर-8 में पहुंचने से पहले ही बाहर हो चुके पाकिस्तान को 16 जून, रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड के खिलाफ सांत्वना जीत मिली। हालांकि, उन्हें जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि टीम की बल्लेबाजी एक बार फिर खास नहीं रही।

जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबर ने कहा कि पाकिस्तान का खराब प्रदर्शन किसी एक व्यक्ति की वजह से नहीं आया है। मैं हर किसी की जगह नहीं खेल सकता, हम चीजों को ठीक से एग्जीक्यूट नहीं कर सके।



#### कप्तानी पर फैसला PCB का- बाबर

बाबर बोले, जहां तक कप्तानी की बात है तो, पहले मैंने अपने मन से कप्तानी छोड़ी थी। मैंने खुद घोषणा की थी। वापस जब कप्तानी दी है वो PCB (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) का फैसला है। अब हम जाएंगे, बैठकर चर्चा करेंगे और यह फैसला बाद में लेंगे। हालांकि, मुझे कप्तानी जब छोड़नी होगी तो ऐसे ही खुले आम बताऊंगा। जो होगा, सामने होगा। फिलहाल इसके बारे में मैंने कुछ नहीं सोचा है। जो फैसला है वो PCB करेगी।

#### टीम की तरह हम नहीं खेल पाए- बाबर

बाबर आजम बोले, 'हर कोई दुखी है। एक टीम के तौर पर हम नहीं खेले। मैंने आपको बताया कि हम एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे। हम एक टीम के तौर पर हार रहे हैं। मैं यह किसी एक व्यक्ति की वजह से नहीं कह रहा। आप इशारा कर रहे हैं कि कप्तान की वजह से हारे हैं, लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। 11 खिलाड़ी हैं और उनमें से हर किसी की अपनी भूमिका है। इसलिए वे वर्ल्ड कप खेलने के लिए यहां आए हैं।

मुझे लगता है कि एक टीम के तौर पर हम चीजों को लागू करने, उनका पालन करने और उन्हें पूरा करने में सक्षम नहीं रहे हैं। हमें शांत होना होगा और स्वीकार करना होगा कि हमने एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।'

## लोकसभा अध्यक्ष के लिए BJP ने बिछाई बिसात

- NDA के सहयोगी को मिल सकता है डिप्टी स्पीकर का पद
- 26 जून को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की निगाहें आगामी लोकसभा अध्यक्ष पर टिकी है। राजग सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श के बाद तय माना जा रहा है कि अगला लोकसभा अध्यक्ष भी भाजपा का ही होगा, लेकिन उपाध्यक्ष का पद भाजपा किसी सहयोगी दल को देने को तैयार है।

वहीं, विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नाम की घोषणा के इंतजार में है। किसी दूसरे दल से भाजपा में आए नेता को लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने की स्थिति में विपक्ष का रूख नरम हो सकता है। लेकिन भाजपा के मूल कैडर के नेता को लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने की स्थिति में विपक्ष पूरी ताकत के साथ चुनौती पेश करेगा।

ध्यान देने की बात है कि 24 और 25 जून को नव निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण के अगले दिन यानी 26 जून को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। तीसरे कार्यकाल में भाजपा के अकेले बहुमत से दूर रहने की स्थिति में लोकसभा अध्यक्ष पद को काफी अहम माना जा रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में राजग सहयोगी दलों के साथ राय मशविरा कर एकमत बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सौंपी गई थी। राजनाथ सिंह के साथ बैठक में सभी राजग लोकसभा अध्यक्ष का पद भाजपा को देने के लिए तैयार हो गए हैं और जदयू ने सार्वजनिक रूप से इसका ऐलान भी कर दिया है। लेकिन भाजपा ने अभी तक अगले लोकसभा अध्यक्ष के उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस बार भी 2019 की तरह चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं, जिसकी घोषणा एक-दो दिन पहले की जाएगी। सूत्रों के अनुसार राजग दलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष के साथ ही उपाध्यक्ष पद पर भी चर्चा हुई। वैसे लोकसभा में उपाध्यक्ष पद विपक्ष के किसी नेता को देने की परंपरा रही है। लेकिन 2014 में भाजपा ने राजग के सहयोगी एआइएडीएमके के एम थंबीदुरई को उपाध्यक्ष बनाया था।

#### पुरंदेश्वरी देवी या बीजेडी से आए भर्तृहरि महताब?

यदि कांग्रेस से भाजपा में आई पुरंदेश्वरी देवी या बीजेडी से आए भर्तृहरि महताब को लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया जाता है तो कांग्रेस व विपक्षी दलों का रुख नरम रहेगा और संभावना है कि वे इनके खिलाफ अपना उम्मीदवार नहीं उतारें। लेकिन भाजपा के मूल कैडर के किसी नेता के लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाए जाने की स्थिति में विपक्ष एकजुट होकर अपना प्रत्याशी भी मैदान में उतारेगा। वहीं विपक्ष पुरानी परंपरा का हवाला देकर उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने के लिए भी दबाव बनाएगा।

**संक्षेप...**

## पनवेल में रक्तदान शिविर आयोजित

**नवी मुंबई.** श्री प्रल्हादराय झूलेलाल ट्रस्ट, आम्ही रक्तदाते पनवेलचे और पूज्य सिंधी पंचायत ट्रस्ट द्वारा कामोठे स्थित एमजीएम अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. पनवेल स्थित पूज्य श्री सिंधी पंचायत हॉल में आयोजित इस शिविर में 75 लोगों ने रक्तदान किया. इस रक्तदान शिविर में डॉ. ययाति गांधी, राजू सचदेव, दौलत सचदेव, एड. मनोहर सचदेव, देवानी, एड. अमोल साखरे, मुलरीधर डाके, भूषण चोणकर आदि उपस्थित थे. इस शिविर के साथ-साथ डॉ. बाठिया की ओर से यहां पर स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका लाभ पनवेल शहर के सैकड़ों नागरिकों ने लिया.

# शिंदे सरकार का बड़ा तोहफा

- **अब सबको मिलेगा MJPJAY का लाभ**
- **60% बढ़ाया प्रीमियम**

**मुंबई.** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले राज्यवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब राज्य की नई स्वास्थ्य बीमा योजना महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य अभियान (MJPJAY) सभी के लिए लागू करने का फैसला किया गया है। सरकार ने इस योजना के वार्षिक प्रीमियम को 60% बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। नई योजना 1 जुलाई से लागू होने जा रही है। नई स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्यवासियों को अब डेढ़ लाख की जगह कुल पांच लाख का बीमा कवर दिया जाएगा। 2012 में लॉन्च होने के बाद से इस योजना में यह बड़ा बदलाव है।

राज्य सरकार ने हाल ही में इस योजना के लिए निविदा प्रक्रिया का निपटान किया है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया एश्योरेंस का चयन किया गया है। राज्य के 12.3 करोड़ परिवारों के लिए सरकार प्रति परिवार 1,300 रुपये का प्रीमियम देगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में 5.7 लाख परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है।



नई योजना लागू होने से पहले बीमाधारकों को इसका लाभ लेने के लिए राशन कार्ड और एक लाख तक सालाना आय का प्रमाण पत्र देना होता था लेकिन अब सरकार ने इस बाध्यता को खत्म कर दिया है और सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू कर दिया है। अब आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। पहले इस योजना के तहत 1000 अस्पताल इम्पैनल थे लेकिन अब उसे बढ़ाकर 1900 हॉस्पिटल कर दिया गया है।

बता दें कि पिछले साल जून में ही उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने MJPJAY की बीमा राशि को 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख की घोषणा की थी लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका था। लोकसभा चुनावों से ऐन पहले महाराष्ट्र सरकार ने चुनाव आयोग से इसे लागू करने के लिए पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी। अब जब आदर्श आचार संहिता खत्म हो चुकी है तो सरकार ने इसे अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सरकार के मुताबिक यह योजना अब 1 जुलाई से नए स्वरूप में लॉन्च होने जा रही है।

# भिवंडी में बकरीद पर्व शांतिपूर्ण संपन्न



भिवंडी.अल्पसंख्यक नगरी भिवंडी में पारंपरिक रूप से मुकद्दस ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व उत्साह पूर्वक मस्जिदों में अल्लाह की इबादत एवम जानवरों की कुर्बानी कर मनाया गया. हाईकोर्ट के निर्देशानुसार भिवंडी मनपा द्वारा बनाए गए मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 1से 5 अंतर्गत 56 अस्थाई रूप से बनाए गए कुर्बानी सेंटरों पर जानवरों की कुर्बानी अंजाम दी गई और जानवरों के अवशेष को मनपा कर्मियों के सहयोग से बोरियों में इकट्ठा कर गाड़ियों में डाल कर पानी से सफाई कर कीटनाशक पावडर का छिड़काव किया गया.अस्थाई कुर्बानी सेंटर पर साफ सफाई व्यवस्था की खातिर करीब 900 मनपा कर्मियों की टीम, डंपर,घंटा गाड़ी,जेसीबी अलग अलग कुर्बानी सेंटरों पर मुस्तैद थी.दोपहर करीब 2 बजे अचानक हुई बरसात से गर्मी से कमोवेश निजात और सफाई कार्यों में मदद भी मिली. मनपा आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर मनपा अधिकारियों, कर्मियों की टीम द्वारा बकरीद त्योहार के मौके पर की गई तमाम आवश्यक तैयारियों की मुक्तकंठ से सराहना नागरिकों ने की.

भिवंडी लोकसभा महा विकास आघाड़ी सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा एवम मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य, अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, मनपा उपायुक्त नैना ससाने, प्रभारी शहर अभियंता सचिन नाईक, नियंत्रण अधिकारी सुदाम जाधव,स्वच्छता अधिकारी एम एल सोनवने, हेमंत गुलवे आदि मनपा अधिकारियों की टीम ने कुर्बानी सेंटरों का दौरा कर व्यवस्था की तमाम जानकारी प्राप्त करते हुए शहर के लोगों को बकरीद पर्व की मुबारकबाद दी.

### मनपा प्रशासन ने की पुख्ता व्यवस्था

गौरतलब हो कि, भिवंडी अल्पसंख्यक नगरी में बकरीद का मुकद्दस पर्व बेहद सादगी एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया. बकरीद पर्व की नमाज लोगों ने सुबह मस्जिदों में अता कर अल्लाह की इबादत की. महिलाओं, बच्चों ने भी नमाज अदा कर अल्लाह से शांति, एकता की दुआ मांगी. शासन के निर्देशों के तहत ही मनपा द्वारा प्रभाग क्रमांक समिति 1 से 5 अंतर्गत स्थित आवश्यक स्थानों पर मंजूर किए गए 56 कुर्बानी सेंटरों, ईदगाह स्थित स्लाटर हाउस पर नियुक्त 120 चिकित्सकों की टीम द्वारा हेल्थ प्रमाणपत्र देने के बाद 5,148 छोटे,बड़े जानवरों की कुर्बानी दी. मनपा को शुल्क के तौर पर 10 लाख 29 हजार 220 रुपए का शुल्क प्राप्त हुआ. मनपा प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए कुर्बानी सेंटरों पर साफ-सफाई के लिए वाहनों एवम पानी टैंकर, कीटनाशक दवा छिड़काव की पुख्ता व्यवस्था अंजाम दी गई थी.

# कुछ संस्थाओं में अर्बन नक्सलवाद!

**MLC चुनाव से पहले अलर्ट सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा- महाविकास आघाड़ी ने झूठ फैलाया**

**ठाणे.** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में एनडीए को लगे झटके के बाद अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एमएलसी चुनाव में जुट गए हैं. उन्होंने रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'अर्बन नक्सल' कुछ गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) में घुसपैठ कर चुके हैं और सरकार के खिलाफ झूठे विमर्श फैला रहे हैं.



विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उम्मीदवार निरंजन डावखरे के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के पदाधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा. साथ ही कहा कि लोकसभा चुनावों की तरह आत्मसंतुष्ट न हों.

### क्या बोले सीएम शिंदे?

शिंदे ने कहा, "नक्सली सिर्फ गडचिरोली में ही नहीं हैं. 'अर्बन नक्सल' ने एनजीओ में प्रवेश कर लिया है और व्यवस्थित रूप से सरकार के खिलाफ झूठे विमर्श गढ़े हैं. हालांकि सभी एनजीओ के साथ दिक्कत नहीं हैं, लेकिन कुछ स्पष्ट रूप से सरकार विरोधी हैं. वे हमारे (सत्तारूढ़) गठबंधन के बारे में सक्रिय रूप से झूठ फैलाते हैं."

उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा, "केंद्र में NDA सरकार की उपलब्धियों को कमतर आंकने के उनके प्रयास लोकसभा चुनावों में विफल रहे."

एकनाथ शिंदे ने कहा, "हमारा जनादेश सुरक्षित है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं. हमें अस्थिर करने के उनके (विपक्षी) प्रयास निरर्थक साबित हुए."

महाराष्ट्र में चार विधान परिषद सीटों मुंबई स्नातक, कोंकण स्नातक, मुंबई शिक्षक और नासिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए द्विवार्षिक चुनाव होने हैं. इन सीटों के लिए 26 जून को मतदान होगा और एक जुलाई को नतीजे घोषित किए जाएंगे. महाराष्ट्र की 48 सीटों में बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को 17 सीटें मिली है. वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने यहां 30 सीटें जीती.

# बिल्डिंग से टकराकर सीमेंट मिक्सर पलटा

- **हादसे में एक लड़के की मौत, 6 घायल**

**ठाणे.** ठाणे में एक सीमेंट मिक्सर ट्रक बिल्डिंग से टकराकर पलट गया. इस हादसे में एक किशोर लड़के की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह हादसा शनिवार रात करीब 8:30 बजे हुआ था.

ठाणे मनपा क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल के चीफ यासीन तडवी ने बताया कि घटना सम्राट नगर में रात करीब 8:30 बजे हुई. उन्होंने कहा, ₹सीमेंट मिक्सर ट्रक के ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिसके बाद ट्रक परिसर की दीवार को तोड़ता हुआ पलट गया.



इस घटना में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से 14 वर्षीय नसीर शेख नाम के लड़के की मौत हो गई और अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.₹

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इन घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. अधिकारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड कर्मचारियों द्वारा राहत और बचाव कार्य अभियान चलाया गया था.

# सुंदरकांड व भजन कीर्तन सुनकर भक्त हुए भावविभोर



**ठाणे.** शहर स्थित कामगार अस्पताल परिसर के शिवशांतव प्रतिष्ठान के कार्यालय पर शिवपरिवार की ओर से भव्य सुंदरकांड व वेदमाता गायत्री का पूजा अर्चना किया गया।संस्था अध्यक्ष एड.विनय कुमार सिंह के अगुवाई में यह धार्मिक आयोजन किया जाता है।संस्कार क्लासेस की संचालिका लक्ष्मी मोर्या और शिक्षिका अमृता सिंह की ओर से यह धार्मिक आयोजन किया गया।पेशे से वकालत कर रही शिक्षा यादव ने अपने मुखारविंद से भजन कीर्तन सुनाकर उपस्थित भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

शिवपरिवार प्रमुख पंडित राममिलन शुक्ला शास्त्री ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा की सभी के सहयोग से शिव परिवार का विस्तार से हो रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मी मौर्या,जया विश्वकर्मा, दीपक पाठक, रंजीत सिंह,आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित रहें।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे 258 मरीजों को मिला जीवनदान

**ठाणे.** गरीब व पैसो से लाचार मरीजों को मुफ्त में इलाज करवाने के लिए डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधी-न्याय विभाग के अंतर्गत विशेष राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मदत केंद्र शुरू किया है।जिसके तहत कैंसर, लिवर-किडनी ट्रान्सप्लांट, बोनमॅरो ट्रान्सप्लांट जैसे भयानक बीमारियों से झूझ रहे 258 मरीजों का सर्जरी कर नया जीवन मिला।सर्जरी के लिए कुल 17 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि का स्वास्थ्य राहत कोष से मरीजों को मिला लाभ।इस स्वास्थ्य मदत कक्ष की शुरुआत जनवरी 2024 से हुआ और मई तक 258 मरीजों को लाभ मिला।यह जानकारी कक्ष प्रमुख रामेश्वर नाईक ने दिया।

# जून से ग्रामीण पुलिस की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**119 रिक्त पदों के लिए 7019 आवेदन**

**ठाणे.** ग्रामीण पुलिस की भर्ती 19 जून से शुरू हो रहा है।119 रिक्त पदों के लिए कुल 7 हजार 19 लोगों ने आवेदन पत्र भरा है। जिसमें 6 हजार 4 पुरुष व 1 हजार 15 महिलाओं के आवेदन पत्र जमा होने की जानकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. एस. स्वामी ने दिया। 19 जून से ग्रामीण पुलिस की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो रही है जो 1जुलाई तक भर्ती प्रक्रिया शुरू रहेगी। शारीरिक जांच व दौड़ की प्रक्रिया मुंब्रा में महानगर पालिका के मौलाना अबुल कलाम आजाद स्टेडियम में होंगी। बरसात के



कारण गड़बड़ी नही होने के लिए सिंथेटिक वाटरप्रूफ ट्रैक दौड़ लगाने के लिए तैयार कर लिया गया है और यह ट्रैक 100 मीटर का है।

भर्ती के लिए आये हुए लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, एंबुलेंस की व्यवस्था को किया गया है यह जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने दिया। किसी भी तरह के अड़चन उत्पन्न होने पर रौनक डाट सराव ईमेल कर सकते हैं।पत्रकार परिषद में पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष होगी इस पर विशेष ध्यान रहेगा।

# कुर्बानी के बकरे पर लिखा राम

**नवी मुंबई.** बकरीद पर नवी मुंबई में एक शर्मनाक करतूत सामने आई है। यहां मीट की दुकान से लाए गए बकरी के शरीर पर राम लिखने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही मीट की दुकान सील कर दी है। पुलिस को मिली शिकायत में उस बकरे से दुर्व्यवहार का भी आरोप है।

एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने एक मीट की दुकान को सील कर दिया है। आरोप है कि वहां कुर्बानी के लिए लाए गए बकरे पर हिन्दू धार्मिक नाम लिख दिया गया था। बकरे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद पुलिस को मामले का पता लगा। सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आने के बाद मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बीते शनिवार को सीबीडी बेलापुर में दुकान को सील कर दिया और उसके मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।




**बकरे से दुर्व्यवहार भी किया**

शिकायत का हवाला देते हुए, अधिकारी ने बताया कि 22 बकरियों को कुर्बानी के लिए दुकान में लाया गया था, लेकिन उनमें से एक जानवर पर एक धार्मिक नाम छपा था। शिकायतकर्ता ने तीनों आरोपियों पर बकरी के साथ 'दुर्व्यवहार' करने का भी आरोप लगाया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद शफी शेख, साजिद शफी शेख और कुय्यम के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आईपीसी की धारा 295 (ए) के साथ धारा 34 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही पुलिस ने दुकान का लाइसेंस रद्द करने के लिए नगर निगम को लेटर भी लिखा है।

# ट्रोलर्स मुझे गेंडी और पांडा बोलते हैं : भारती

कामेडियन भारती सिंह ने कहा कि वे जब भी फोटोज पोस्ट करती हैं तो कुछ ट्रोलर्स उन्हें गेंडी और पांडा कहते हैं। उनकी फोटोज पर उल्टी-सीधी बातें लिखते हैं। हालांकि भारती को ऐसी ट्रोलिंग से फर्क नहीं पड़ता। भारती ने कहा कि जो लोग ऐसा लिखते हैं, उनकी लाइफ में दूसरा कोई काम नहीं है। वो खुद तो कुछ नहीं करते, बस दूसरों को टारगेट करते हैं। जाहिर है कि भारती सिंह टीवी का बड़ा नाम है। वो आए दिन किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। वो अपने कॉमेडी शोज में खुद का ही मजाक बनाकर ऑडियंस को एंटरटेन करती हैं। भारती सिंह कुछ समय से यूट्यूब पर खुद का एक चैनल चला रही हैं। अपने चैनल पर वो व्लॉग के जरिए रोजमर्रा की बातें फैंस के साथ शेयर करती हैं। अपने एक रिसेंट व्लॉग में उन्होंने ट्रोलर्स पर बात की। भारती ने कहा कि जो लोग कभी लोखंडवाला भी नहीं गए, वो भी उन्हें उनके लुक्स की वजह से ट्रोल करते हैं।

भारती ने कहा- मैं जब भी इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर करती हूं, कुछ लोग पांडा और गेंडी लिखते हैं। हालांकि मुझे उनकी मानसिकता से फर्क नहीं पड़ता। ऐसे लोग लाइफ में कुछ नहीं कर पाते।

भारती के इंस्टाग्राम पर 85 लाख फॉलोवर्स हैं। वे अक्सर अपने पति और बच्चों के साथ फोटोज पोस्ट करती रहती हैं।



# विट्ठलवाडी में 126 निरंकारी भक्तों ने किया रक्तदान

**कल्याण.** आध्यात्मिक जागरुकता द्वारा विश्व में मानवता एवं भाईचारे की भावनाओं को फैलाने वाले संत निरंकारी मिशन की ओर से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों द्वारा समाज सेवा में निरंतर योगदान दिया जा रहा है. इसी के तहत रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन, विठ्ठलवाडी कल्याण पूर्व में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 126 निरंकारी भक्तों ने बड़े उत्स्फूर्त भाव से रक्तदान किया जिनमें 96 पुरुष एवं 30 महिला रक्तदाताओं का समावेश था. संत निरंकारी रक्तपेढी द्वारा रक्त संकलन किया गया.



संत निरंकारी मंडल के डोंबिवली क्षेत्रीय प्रभारी रावसाहेब हसबे के करकमलों द्वारा रिबन कटाते हुए इस शिविर का उद्घाटन किया गया. इस शिविर को कल्याण के सेक्टर संयोजक जगन्नाथ म्हात्रे, सेवादल क्षेत्रीय संचालक जनार्दन म्हात्रे, समाजसेविका सुलभा गायकवाड, माजी नगरसेवक मनोज राय, विक्रम तरे, मोनाली तरे, शरद पाटील, माजी परिवहन समिती सदस्य संजय मोरे इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने भेंट किया. इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने मिशन द्वारा किए जा रहे मानवसेवा के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की. मंडल के स्थानीय ब्रांच मुखी अविनाश माने के देखरेख में स्थानीय सेवादल युनिट के सदस्यों ने इस शिविर को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया.

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन

**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** गायत्री परिवार की ओर से आयोजित गायत्री जयंती पर्व का आयोजन रघुनाथ नगर परिसर में संकल्प चौक पर स्थित मैदान में किया गया।इस धार्मिक अनुष्ठान में लगभग 700 परिजनों ने हिस्सा लिया। 50 नये परिजनों ने दीक्षा ग्रहण किया।

विशेष अतिथि के रूप पूर्व विधायक रविंद्र फाटक व पत्नी पूर्व नगरसेविका माया फाटक के हाथों से दिप प्रज्वलित किया गया।पूर्व विधायक फाटक ने गायत्री परिवार की प्रशंसा करते हुए सदैव सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया।

हरिद्वार शांतिकुंज से आये योगिराज बल्कि ने गायत्री जयंती,पर्यावरण, मानव जीवन व गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवनी को उपस्थित हुए लोगों को सुनाकर भावविभोर कर दिया। आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 700 परिजनों ने भाग लिया।

करीब 50 नए परिजनों ने दीक्षा ली। सभी परिजनों को ज्ञान प्रसाद के रूप में अखंड ज्योति पत्रिका वितरित की गई एवं पूज्य गुरुदेव का साहित्य ब्रह्मभोज के रूप में वितरित किया गया।

108 तुलसी के पौधे यज्ञ के प्रसाद के रूप में परिजनों को वितरण किया गया।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए उपेंद्र चौबे,प्रह्लाद पांचाल,महेंद्र पटेल,इंद्रभूषण गोखले,अमीत नारायण, डॉ.वरुण ने अहम भूमिका निभाई।

# मुंबई के बड़े हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**मुंबई** . मुंबई के वोक्हार्ट हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. बम धमाके की धमकी के बाद से हॉस्पिटल सहित पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. मौके पर बम स्क्वाड टीम और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई है. हॉस्पिटल की सुरक्षा बड़ा दी गई है. हर कोने की जांच की जा रही है.

### आम सूचना

मैं श्रीमती जानकी श्रीरामचहल जैसवार सभी को सूचित कर रही हूं कि पोरशन, बैरक नं. 593 के सामने, आन प्लाट, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ017835400) उक्त प्रॉपर्टी अंजू मुखातुन गुल मोहम्मद अंसारी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.6.2022 सी.नं. 734/70 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जानकी श्रीरामचहल जैसवार**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099